दिनांक : 17.03.2024 समय : 02.10पीएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

आयोग—आदर्श आचार संहिता

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव और चार राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दिशा—निर्देश जारी किए हैं। निर्वाचन आयोग ने कैबिनेट सचिव, सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र लिखकर कहा है कि वॉल पेन्टिंग, पोस्टर, पर्चे और इस तरह की सभी सामग्री को 24 घंटे के भीतर हटा लिया जाए। रेलवे स्टेशन और बस अड्डों जैसे सार्वजनिक स्थलों से राजनीतिक विज्ञापनों वाले सभी अनाधिकृत पोस्टर, होर्डिंग और बैनर को 48 घंटे के भीतर हटा दिया जाएगा। निजी सम्पत्ति पर प्रदर्शित अनाधिकृत राजनीतिक विज्ञापनों को भी 72 घंटे के भीतर हटाना होगा।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि किसी भी राजनीतिक दल और उम्मीदवार के द्वारा चुनाव प्रचार के लिए सरकारी वाहनों के इस्तेमाल पर पूर्ण रूप से पाबंदी होगी। इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया पर सरकार की उपलब्धियों बताने वाले विज्ञापनों की अनुमति नहीं होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी इस तरह के विज्ञापनों पर रोक के लिए त्वरित कार्रवाई करेंगे। निर्वाचन अधिकारी राज्य सरकार के विभागों की वेबसाइट से राजनीतिक कार्यक्रमों के चित्र तुरंत हटाएंगे। निर्वाचन आयोग ने यह भी कहा है कि विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में, शिकायतों के निपटान के लिए एक कॉल सेन्टर स्थापित किया जा रहा है। इसका नंबर है—1950.

मतदाता जागरूकता के लिए रेडियो, टीवी, सिनेमा और सरकारी चैनल के माध्यम से कार्यक्रम प्रसारित किए जा सकेंगे।

....

राज्य आचार संहिता

देश के साथ प्रदेश में भी आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न कराने हेतु भोपाल पुलिस द्वारा आज पुराने भोपाल स्थित संेट्रल लायब्रेरी से अर्ध सैनिक बल, जिला बल एवं सेंट्रल फोर्स के साथ व्यापक स्तर पर फ्लैग मार्च निकाला। जिसमें पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी सम्मिलित हुए। आगामी लोकसभा चुनाव शांति और निष्पक्ष हो इसको लेकर पुलिस और अर्ध सैनिक बलों द्वारा फ्लैग मार्च के जरिए जनता को जागृत करने के लिए अभियान चलाया जाता है। सतना में निर्वाचन 2024 की तैयारियों के तहत आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने पुलिस अधीक्षक सहित अधिकारियों के साथ स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया और सम्बंधित अधिकारियो को आवश्यक निर्देश दिए। शहडोल कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर ने बताया कि राजनैतिक दल, संस्था, संगठन, व्यक्ति, बिना सक्षम अनुमति प्राप्त किये, किसी भी प्रकार की वाहन रैली नहीं निकालेगा। सक्षम अनुमति प्राप्त करने के पश्चात ही चुनाव प्रचार एवं चुनाव सामग्री परिवहन हेतु वाहनों का उपयोग किया जा सकेगा। गुना में जनसुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने तथा निर्विघ्न, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु जिला कलेक्टर ने 07 दिन के भीतर आवश्यक रूप से छूट प्राप्त व्यक्तियों के अलावा सभी से अपने—अपने शस्त्र जमा कराने के निर्देश जारी किए हैं।

साथ ही बिना परीक्षण के सोशल मीडिया पर धार्मिक, साम्प्रदायिक एवं जातिगत भावना पोस्ट शेयर नहीं करने को कहा गया है। इसी तरह शनिवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में नर्मदापुरम कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने बताया कि सभी राजनैतिक दलों को आदर्श आचरण संहिता का पालन करना होगा। कलेक्टर ने कहा कि सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक संगठन भी अपने कार्यक्रमों में किसी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी के प्रचार नहीं करेंगे न ही किसी दल या अभ्यर्थी के पक्ष में अपील जारी करेंगे।

....

राजनीतिक हलचल

लोकसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज आंध्रप्रदेश में पलनाडु जिले में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन—एनडीए के घटक दलों — भारतीय जनता पार्टी, तेलुगू देशम पार्टी और जनसेना पार्टी के प्रतिनिधियों की एक बैठक में शामिल होंगे। आंध्र प्रदेश में लोकसभा चुनाव के अलावा राज्य विधानसभा के चुनाव भी होने हैं। तेलगुदेशम पार्टी पांच वर्ष बाद, हाल ही में एक बार फिर एनडीए में शामिल हुई है। उधर कांग्रेस के महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि नारी न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय

और हिस्सेदारी न्याय... इन पांच न्याय को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने प्रत्येक न्याय के संदर्भ में कांग्रेस पार्टी की पांच गारंटियां दी है। उन्होंने कहा कि इन 25 गारंटियों के साथ कांग्रेस 2024 के चुनाव में पांच साल के लिए जनादेश मांग रही हैं। इस बीच तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन मुंबई पहुंच गए हैं। वह INDIA गठबंधन की शिवाजी पार्क में होने वाली रैली में हिस्सा ले रहे है।

....

डब्ल्यू पीएल–क्रिकेट

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट का फाइनल आज रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और देलही कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। यह मैच शाम साढे सात बजे से नई दिल्ली के अरूण जेटली स्टेडियम में होगा।

मेग लेनिंग की कप्तानी में, देलही कैपिटल्स ने अब तक अपने आठ में से छह मैच जीते हैं। स्मृति मंधाना की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स ने अब तक अपने सिर्फ चार मैच जीते हैं।

....